एक नजर में

ग्रामीणों ने राशन नहीं देने की शिकायत की

ब्यावरा 01 अगस्त, का. समीपस्थ गांव बंजारी के नागरिकों को उचित मूल्य की दुकान से तीन माह से गेहूं-चावल नहीं मिलने की शिकायत एसडीएम गीतांजली शर्मा से की है. ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बंजारी के उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं दिया जा रहा है. दुकान के सेक्रेटरी और सेल्समैन द्वारा पिछले तीन महीनों से गेहूं, चावल और शक्कर जैसा आवश्यक अनाज का गबन कर दिया गया है. जब वे राशन मांगने जाते हैं तो उन्हें अभी अनाज उपलब्ध नहीं होने का कहकर लोटा दिया जाता है. एसडीएम ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है. ज्ञापन देने वालों में धीरपसिंह, राजाराम, फूलसिंह, मुकेश, चैनसिंह, देवी सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

बैठक में जन समस्याओं पर चर्चा

नरसिंहगढ़ 01 अगस्त, सं. शुक्रवार को जनपद पंचायत सभा कक्ष में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई. बैठक की अध्यक्षता विधायक मोहन शर्मा ने की. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे. बैठक में ग्राम पंचायतों से संबंधित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई. जिसमें सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विद्युत व्यवस्था एवं सुदूर क्षेत्रों की सड़क योजनाओं जैसे प्रमुख विषय शामिल रहे. इसके अलावा अन्य आवश्यक विकास कार्यों पर भी सुझाव एवं प्रस्ताव रखे गए. बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण को बढ़ावा देने की अपील की. साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के किसी एक बड़े गांव को गोद लें, ताकि वहां सामूहिक प्रयासों से साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान दिया जा सके. इस दौरान जनपद अध्यक्ष और सदस्यों ने शासकीय आयोजनों में उन्हें आमंत्रित न किए जाने को लेकर नाराजगी जताई. इस पर विधायक ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि भविष्य में आयोजित होने वाले सभी शासकीय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए.

बुजुर्ग पर हमला कर लूट

ब्यावरा 01 अगस्त, का. मलावर थानांतर्गत लखनवास कस्बे में बीती रात्रि को घर में सो रहे एक बुजुर्ग पर अज्ञात बदमाशों द्वारा हमला कर लूट की वारदात को अंजाम देने की घटना प्रकाश में आई है. आरोपी सोने-चांदी के आभूषण, नगदी लूट ले गये. मलावर पुलिस के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की दरमियान यह घटना हुई. लखनवास निवासी फरियादी प्रेमनारायण पुष्पद उम्र लगभग 70 वर्ष अपने घर में सो रहे थे जबकि समीप एक ओर घर में अन्य परिजन सो रहे थे. फरियादी द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि छत के रास्ते से तीन लोग दरवाजा खोलकर भीतर आये और कान में पहने सोने की मुर्की खींचने लगे. हाथों में पहने चांदी के कड़े निकाल लिये. मुर्की खींचने से कान में चोट आई. कपड़े से मुंह दबा दिया तथा सामान लेकर दरवाजे से भाग गये. होश आया तो आवाज लगाई. जिस पर परिजन, आसपास ग्रामीणजन आये और घटना का पता चला. पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह राजपूत के अनुसार संदेहियों से पूछताछ की जा रही है. जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा.

जर्जर भवनों में दांव पर लग रहा नौनिहालों का जीवन

भरभराकर गिरी डाबड़ी गांव में प्राथमिक विद्यालय की छत, रात्रि में हुई घटना से अनहोनी टली

जीर्णशीर्ण भवन बने हुए हैं छात्रों के लिए जोखिम भरे

शिक्षा विभाग के अनुसार जर्जर भवन में कक्षाएं नहीं लगाएं

नवभारत न्यूज

राजगढ़/ब्यावरा 01 अगस्त, का. अनवरत् हो रही बारिश के चलते जिले के कई जीर्णशीर्ण शाला भवनों पर खतरा मंडरा रहा है. एक के बाद एक जर्जर शाला भवन की छत, मलबा गिरने की घटनाएं सामने आ रही है.

विगत दिवस सारंगपुर विकासखण्ड के उदनखेड़ी के समीप कमलसरा स्कूल भवन की छत का हिस्सा गिरने के बाद बीती रात्रि को राजगढ़ विकासखण्ड के खुजनेर के समीप सुस्तानी संकुल अंतर्गत डाबड़ी गांव स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की छत का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया. सौभाग्य से रात्रि के समय यह घटना होने से किसी प्रकार की कोई अनहोनी होने से बच गई.

जानकारी के अनुसार खुजनेर के समीप संकुल केन्द्र सुस्तानी के तहत प्राथमिक विद्यालय डाबडी के जीर्णशीर्ण भवन के कक्ष की छत का एक बड़ा हिस्सा रात्रि में गिर गया. घटना का पता शुक्रवार की सुबह चला जब स्टॉफ के कर्मचारी स्कूल पहुंचे.

विभाग ने कहा वहां नहीं लग रही कक्षाएं इस संबंध में शिक्षा विभाग का कहना है कि डाबडी में जिस शासकीय प्रावि भवन की छत का हिस्सा गिरा वह जीर्णशीर्ण भवन होकर वहां पर कक्षाएं संचालित नहीं की जा रही है. भवन की स्थिति को देखते हुए अन्यत्र सुरक्षित जगह भवन में कक्षाएं संचालित की जा रही है. हालांकि उक्त भवन जिस तरह कुर्सियां व अन्य सामान रखा हुआ है उसको देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है जैसे कक्षाएं संचालित हो रही है.

30 जुलाई को गिरी थी कमलसरा स्कूल की छत सारंगपुर तहसील के उदनखेड़ी के समीप कमलसरा गांव स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय की छत 30 जुलाई को बारिश के चलते भरभराकर गिर गई थी हालांकि इसमें किसी प्रकार के कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ था. शाला भवन के एक कमरे की छत का एक हिस्सा अधिक बारिश के कारण गिर गया. यहां भी सौभाग्यवश उक्त जीर्णशीर्ण भवन के कमरे का उपयोग नहीं किया जा रहा था. शाला को प्राथमिक खंड के अतिरिक्त कक्ष में संचालित किया जा रहा है.

30 शालाओं को अन्यत्र लगाने निर्देश जिले की ऐसी और 30 मावि, प्रावि शालाएं जो जीर्णशीर्ण अवस्था में है उनको वहां से अन्य जगह शिफ्ट करते हुए अतिरिक्त कक्ष या फिर अन्य सुरक्षित भवन में संचालित किए जाने के निर्देश शिक्षा विभाग ने दिए है.

राजस्थान घटना से सर्तक हुआ विभाग

विगत दिवस राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में एक जर्जर स्कूल भवन गिरने से कुछ नौनिहाल छात्रों की दर्दनाक मौत होने की घटना ने झंकझोर दिया था. उक्त घटना के बाद जिले में भी जीर्णशीर्ण शाला भवनों में कक्षाओं का संचालन किसी भी परिस्थिति में नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया. ऐसे भवन जो जर्जर अवस्था में है वहां कक्षाओं का संचालन बंद कर अन्य सुरक्षित जगह भवनों में कक्षाएं संचालित की जा रही है. सतर्कता के चलते किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सका है.

> भवन के जिस कक्ष की छत का हिस्सा गिरा है वहां पर कक्षा संचालित नहीं हो रही थी. भवन की स्थिति को देखते हुए पूर्व में ही सचेत होकर अन्यत्र जगह कक्षा का संचालन किया जा रहा है.
>
> **करण सिंह भिलाला**
> **जिला शिक्षाधिकारी**
> **राजगढ़**

ज्योति कान्वेंट से उपसंचालक शिक्षा ने मांगा जवाब

हटाए गये शिक्षकों की शिकायत पर दिये नोटिस में सात दिन में जवाब देने को कहा

ब्यावरा 01 अगस्त, का. ज्योति कान्वेंट स्कूल से संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल ने हटाए गये शिक्षकों की शिकायत पर नोटिस जारी करते हुए सात दिन में जवाब देने को कहा है. उल्लेखनीय है कि उक्त संस्था ने कुछ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करते हुए विद्यालय से हटा दिया था. इन शिक्षकों को द्वारा इस संबंध में लगातार ज्योति कान्वेंट स्कूल की कार्यालयीन गतिविधियों को लेकर शिकायत की जा रही है.इसी शिकायत के आधार पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल ने एक बार फिर स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी कर सात दिवस के अंदर जवाब मांगा है. हटाए गये शिक्षकों ने वेतनमान का पालन नहीं करने जैसी कई शिकायते की है. इसी आधार पर डीडी ने एक बार फिर नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर जवाब मांगा है.

दस्तक अभियान : गायब मिले बीएमओ को नोटिस थमाया

दस्तक अभियान का किया औचक निरीक्षण, मैदानी कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 01 अगस्त, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने खिलचीपुर के ग्राम कांकरिया का औचक निरीक्षण करते हुए ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस चैक किया. निरीक्षण के दौरान एएनएम और आशा कार्यकर्ता से बात करते हुए दस्तक अभियान की प्रगति का जायजा लिया और कमियां पाए जाने पर उनमें सुधार करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान खिलचीपुर बीएमओ डॉ. धर्मराज पच्चीसिया के अनुपस्थित पाए जाने और कोल्ड चैन हैंडलर द्वारा शुक्रवार को टीकाकरण प्लान लाइव नहीं किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा के इस औचक निरीक्षण से दस्तक अभियान संबंधी कई खामियां सामने आई. सेशन साइट पर आशा और एएनएम के पास प्रिंटेड ड्यू लिस्ट नहीं थी, यू विन पर सेशन प्लान नहीं था, एएनएम और सीएचओ के पास रिकार्ड अधूरा पाया गया. इन सभी कमियों को दूर कर आगामी सत्रों में जिले के किसी भी ग्राम में औचक निरीक्षण करने की बात कही. कलेक्टर ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पूछा कि आपके बीपी और शुगर की जांच हो रही है या नहीं. गांव के आयुष्मोन आरोग्य मंदिर में सीएचओ के पास उक्त जांचे कराकर अपने स्वास्थ्य का पूर्व परीक्षण कराना जरूरी है.

अभियान अन्तर्गत दिए निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलपी भकोरिया को निर्देशित करते हुए कहा कि दस्तक अभियान में कोई भी बच्चा नहीं छूटना चाहिए. कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने और उनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित करें. साथ ही अभियान अन्तर्गत की जा रही गतिविधियों की बराबर रिपोर्टिंग होना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की त्रुटी नहीं हो. इस अवसर पर मुख्यो कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्रपाल सिंह और बीपीएम श्री रामबाबू दांगी मौजूद थे.

पालकी, सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण को लेकर बैठक आज

नरसिंहगढ़ 01 अगस्त, सं. हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आज शनिवार शाम सात बजे धर्मशाला हनुमान मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है. बैठक में आगामी पालकी यात्रा एवं सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण की तैयारीयों पर चर्चा की जाएगी. हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष, विधायक मोहन शर्मा ने नगर के सभी श्रद्धालुजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से बैठक में उपस्थित होने अपील की है.

मां और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है स्तनपान

स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 01 अगस्तल, का. जिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया.

यह सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जाएगा. जिसका मुख्य उददेश्य स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और माताओं को इसके लिए प्रोत्साहित करना है.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्तनपान नवजात शिशु के लिए प्रकृति का अनुपम उपहार है यह न केवल शिशु को बीमारियों से बचाता है बल्कि उसके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक मां को अपने शिशु को पहले छह महीने तक सिर्फ स्तनपान कराना चाहिए और उसके बाद पूरक आहार के साथ भी स्तनपान जारी रखना चाहिए. सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल ने एसएनसीयू में भर्ती बच्चों की माताओं को बताया कि यहां से जाने के बाद बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होगी. स्तनपान में सभी आवश्यक पोषक तत्व और एंटीबाडीज होते है, जो उसे संक्रमण से बचाते हैं. मां के लिए प्रसवोत्तर रक्तस्त्राव को कम करने, गर्भाशय को सामान्य आकार में लाने और स्तन कैंसर व डिम्बग्रंथि के कैंसर के जोखित को कम करने में मदद मिलती है. स्तनपान बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी लाता है.

हनुमंतेश्वर महादेव मंदिर से जल भरकर नर्मदेश्वर महादेव को किया अर्पण

नवभारत न्यूज

तलेन 01 अगस्त, सं. ग्राम मिर्जापुर के ग्रामीणों ने हनुमतेश्वर महादेव मंदिर मिर्जापुर से जल भरकर पैदल नर्मदेश्वर महादेव मंदिर बावड़ीखेड़ा पहुंचे जहां जल अर्पण किया.

वहीं इस यात्रा का तलेन नगर में जलपान पुष्प वर्षा कर विनोद यादव उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मानसिंह यादव रिटायर्ड फौजी घनश्याम जाटव पूर्व महामंत्री भाजपा कैलाश मोहन यादव नगर भाजपा अध्यक्ष अवध उपाध्यक्ष पत्रकार, युवा नेता पवन यादव, श्याम सुंदर राठौर आदि ने स्वागत किया. इसके अलावा नगर में जगह जगह स्वागत किया गया. कांवड़ यात्रा जब बावड़ी खेड़ा पहुंची तो ग्राम वासियो व बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद ग्राम इकाई द्वारा स्वल्पाहार कराकर स्वागत किया. यात्रा मे पंडित कमल शर्मा, प्रेम पटेल विक्रम यादव, देवकरण यादव, भागीरथ यादव, मुकेश यादव, सतीश यादव पत्रकार, रमेश यादव, दिनेश यादव, माखन यादव, मोहन यादव, बिष्णु यादव, जीतमल यादव, शेलन्द्र यादव, भगवान सिंह यादव, ब्रज मोहन यादव, महेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि गोविन्द यादव, भारत सिंह यादव सहित महिला पुरुष शामिल हुए.

मेजर देवव्रत सिंह की स्मृति में खेल सामग्री बांटी

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 01 अगस्त, सं. ग्राम तारागंज में मेजर राजा देवव्रत सिंह की स्मृति में स्कूल के बच्चों को खेल सामग्री का वितरण किया गया. जिसमें प्रमुख रूप से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में विशेष रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिंह सोलंकी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद सादानी शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोधी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष लखन राजपूत युवा नेता कैलाश राजपूत चंद्र सिंह राजपूत आदि ने मेजर जनरल देवव्रत सिंह सिंह की पुण्य स्मृति में विशेष रूप से सभी छात्र-छात्राओं के खेलने की सामग्री क्रिकेट किट,होला हूप्स, बैडमिंटन बेड लूडो,केरम बोर्ड, फुटबॉल, जिलोग्राम,चेस, आदि का सामग्री का वितरण किया गया वहां उपस्थित स्कूल प्राचार्य का एवं शिक्षकगण भी उपस्थित थे. अभिभावक के रूप में बाबूलाल पुष्पद पूर्व सरपंच सतनारायण पुष्पद, मंगल खींची ने सभी का स्वागत किया.

आर्थिक सहायता स्वीकृत

राजगढ़ 01 अगस्त, का. अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी ब्यावरा श्रीमती गीतांजली शर्मा द्वारा तहसीलदार ब्यावरा के प्रतिवेदन पर तालाब में डूबने से ग्राम तलावली के मृतक आकाश की मृत्यु होने के कारण उसके वैध वारिस पिता बापूलाल को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायतानुदान राशि स्वीकृत की गई है. उन्होंने हितग्राही को स्वीकृत राशि का शीघ्र भुगतान करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित भी किया है.

निधन **वरिष्ठ व्यवसायी ओमप्रकाश मूंदड़ा दिवंगत, आज जीरापुर में प्रात : 10 बजे होगी अंत्येष्टि**

अस्त हुआ मूंदड़ा परिवार को उन्नति देने वाला प्रकाश

प्रमुख व्यवसायी के रूप में पहचान बनाई

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/जीरापुर 01 अगस्त, का. अपनी मेहनत, कर्मठता और समर्पण से न केवल स्वयं बल्कि समूचे मूंदड़ा परिवार को उन्नति प्रदान करने वाले वरिष्ठ व्यवसायी श्री ओमप्रकाश मूंदड़ा का आज इंदौर में नि:धन हो गया. उनकी अंत्येष्टि शनिवार प्रात: 10 बजे जीरापुर में होगी. उनके जाने की खबर से ब्यावरा और जीरापुर नगर में विशेष रूप से शोक छा गया.

पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे श्री मूंदड़ा का इंदौर में उपचार चल रहा था. उनके ज्येष्ठ पुत्र ज्ञानस्वरूप मूंदड़ा और परिवारजनों ने अंतिम समय तक उनको स्वस्थ करने में खूब मेहनत की. लेकिन प्रकृति के आगे अंतत: किसी की नहीं चली और उन्होंने आज प्रात: अंतिम सांसे ली.एक प्रकार से मूंदड़ा परिवार को उन्नति देने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने वाला प्रकाश आज अस्त हो गया.

वे अपने पीछे धर्मपत्नि श्री मती शकुंतला मूंदड़ा, सुपुत्र ज्ञानस्वरूप, लोकेन्द्र लोकू मूंदड़ा, भाई गिरराज, यतिराज, फनिराज, राजेन्द्र मूंदड़ा, पौते प्रशांत और अभिषेक सहित भरेपूरे परिवार को छोड़ गये है.

जीरापुर में रहकर न केवल ब्यावरा नगर बल्कि समूचे जिले में व्यापार जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले श्री ओमप्रकाश मूंदड़ा का जाना मूंदड़ा परिवार के लिये एक ऐसे सूरज का अस्त हो जाना है जिसने परिवार की उन्नति के रूप में चहुं ओर प्रकाश फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी. श्री मूंदड़ा बेहद मेहनती और जीवटता के साथ काम करने के लिये जाने जाते थे.

निडरता के साथ व्यापार करना और समाज में अपनी वाकपटुता, सहजता, सरलता के साथ ही हास्य विनोद के साथ रहते हुए सभी के साथ समान व्यवहार करने के लिये पहचाने जाते थे. उनका जितना व्यापरी जगत में संपर्क और व्यवहार था उतना ही वे राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में उनका नाम था. श्री मूंदड़ा ने जीरापुर में भगवान व्यंकटेश का विशाल मंदिर का निर्माण कर एक एतिहासिक कार्य किया है.

उनका बच्चों के साथ बच्चे जैसा और बड़ो के साथ बड़े जैसा व्यवहार था. वे हमेशा हंसी मजाक करते हुए माहौल को खुशनुमा बना देते थे. श्री मूंदड़ा जिले के ऐसे व्यवसायी थे जिनकी दूरदृष्टि के सभी कायल थे. वे दूरदृष्टि के साथ मजबूत इरादों के साथ काम करने के लिये पहचाने जाते थे.

श्री मूंदड़ा ने एक समय ब्यावरा मंडी में मंडी व्यापारी के तौर पर प्रभावी खरीदी कर जिले भर में अपनी प्रभावी पहचान अर्जित की. बाद में आप पेट्रोल पंप के व्यवसाय में आए तो इसमें पूरे परिवार को उन्होंने लगातार उन्नति की ओर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी.

नेत्रदान कर परिवार ने किया प्रेरणास्पद कार्य

मूंदड़ा परिवार ने श्री ओमप्रकाश मूंदड़ा की ईच्छा के अनुरूप नेत्रदान कर समाज के लिये प्रेरणास्पद कार्य किया. नवज्योति नेत्रदान समिति सदस्य पूजा गुप्ता डा इंटरनेशनल श्रीमती उमा झंवर इंदौर के प्रयास एवं विजय मूंदड़ा के सहयोग से उनके सुपुत्र द्वय लोकेन्द्र, ज्ञानस्वरूप, पौते प्रशांत अभिषेक मूंदड़ा एवं परिवारजनों ने इंदौर में नेत्रदान करने का कार्य कराया. सभी ने परिवारजनों की इस पहल का स्वागत किया.